## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन को लेकर किसानों के हित में लिये गये निर्णय

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन को लेकर किसानों के हित में निर्णय लिए गए हैं। इससे उपार्जन प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने के साथ किसानों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी। खाद्य विभाग ने सतना जिले के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि गेहूं खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है,जिससे अधिक से अधिक किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जा सके। अब लघु एवं सीमांत किसानों के साथ-साथ मध्यम और बड़े किसानों के लिए भी स्लॉट बुकिंग एवं गेहूं विक्रय की सुविधा उपलब्ध होगी। उपार्जन केंद्रों की तौल क्षमता को 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन प्रति केंद्र कर दिया गया है। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 कर दी गई है,जिससे किसानों का इंतजार कम होगा। स्लॉट बुकिंग की अवधि को बढ़ाकर 30 अप्रैल 2026 से 9 मई 2026 तक कर दिया गया है। अब प्रत्येक शनिवार के अवकाश दिवस पर भी स्लॉट बुकिंग और उपार्जन कार्य जारी रहेगा। किसानों को अब बड़ी राहत देते हुए यह सुविधा भी दी गई है कि वे अपनी उपज तहसील के बजाय पूरे जिले के किसी भी उपार्जन केंद्र पर बेच सकते हैं। जिला प्रशासन सतना ने सभी किसानों से अपील की है कि वे शासन की इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गेहूं उपार्जन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

### ग्राम पंचायत हडा में पेयजल संकट गहराया ग्रामीण परेशान

**पन्ना।** पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हड़ा में पेयजल की समस्या विकराल होती जा रही है सारे हैंडपंप बंद हैं नल जल योजना ठप्प पड़ी हुई है लोग पीने के पानी के लिए 2 किलोमीटर दूर जाते हैं तब उन्हें कहीं पीने के लिए पानी उपलब्ध हो पता है उक्त मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रम्मू मणि यादव ने जनपद पंचायत पवई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिख कर अवगत भी कराया गया था लेकिन आज दिनांक तक उक्त समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। मामले को लेकर श्री यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कलेक्टर पन्ना द्वारा ग्रीष्मकालीन समय प्रारंभ होने के पूर्व सभी नगरी निकायों तथा ग्राम पंचायत की जिम्मेवारों को पेय जल सुगम तरीका से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे लेकिन कलेक्टर के निर्देशों का भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा श्री यादव ने कहा कि समस्या का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## विंध्य क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू का सितम, पारा 43.6 डिग्री पहुंचा



**सतना।** विंध्य क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। सतना जिले में रविवार को मौसम के तेवर और तल्ख नजर आए,जहां अधिकतम तापमान 43.6 सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार के मुकाबले (43.3सेलसियस) तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है,जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। लगातार बढ़ते पारे और तपिश के कारण अब दोपहर के वक्त शहर की मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। रविवार की छुट्टी होने के बावजूद बाजार में चहल-पहल बेहद कम रही। लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग केवल अति-आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। जो लोग बाहर निकल भी रहे हैं,वे पूरी तरह चेहरे और शरीर को ढंक कर सफर कर रहे हैं।

### ठंडे पेय पदार्थों का सहारा,अस्पतालों में बढ़ी भीड़

गर्मी की प्रचंडता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शहर के प्रमुख चौराहों पर गन्ने का रस,आइसक्रीम,बर्फ के गोले और शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। हालांकि,इस तपती गर्मी ने स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालना शुरू कर दिया है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या में अचानक इजाफा हुआ है। डॉक्टर लगातार सलाह दे रहे हैं कि भरपूर पानी पिएं और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी न होने दें। दोपहर12 से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें।

### तापमान का गणित

अधिकतम तापमान 43.6C
न्यूनतम तापमान 27.1C
सापेक्ष आर्द्रता 27% / 19%मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है। यदि पारा इसी तरह बढ़ता रहा,तो लू का प्रकोप और अधिक गंभीर हो सकता है।

## मैहर पुलिस का हेलमेट अभियान शुरू

### जगह-जगह चेकिंग लगाकर लोगों को दी जा रही हिदायत, साथ ही की जा रही चालानी कार्रवाई



**मैहर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल से जारी हुए विशेष हेलमेट अभियान के आदेश के बाद ही मैहर पुलिस का हेलमेट अभियान आज से शुरू हो गया है। मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश में जगह-जगह मैहर पुलिस द्वारा चेकिंग लगाकर सभी टू व्हीलर वाहन चालकों को हेलमेट पहनना की हिदायत दी जा रही है साथ ही चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। पुलिस द्वारा लोगों को समझाइए देते हुए बताया जा रहा है कि हेलमेट लगाने से हम और हमारे अपनों की सुरक्षा होती है कई बार देखने को भी मिलता है कि हेलमेट लागे होने के कारण सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। वहीं मैहर पुलिस ने पुलिस मुख्यालय से जारी हुए इस आदेश का पालन करने एवं इसका सहयोग करने के लिए सभी आम लोगों से अपील की गई वहीं पुलिस ने स्पष्ट रूप से लोगों को हिदायत भी दी कि यदि किसी भी दो पहिया वाहन चालक के द्वारा इस आदेश का पालन नहीं किया गया तो खिलाफ चलानी कार्यवाही के साथ साथ विभागीय रूप से भी दंडित किया जाएगा फिर चाहे वह है कोई पुलिसकर्मी हो या किसी भी शासकीय संस्था के कर्मचारी हो। आज मैहर की सड़कों पर पुलिस मुख्यालय और एसपी के आदेश पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया है है कि नियम तोड़ने वालों के पसीने छूट गए। चेकिंग के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि कई वाहन चालकों ने नेताओं और अधिकारियों से सिफारिश लगवाने की पूरी कोशिश की,लेकिन इस बार पुलिस टीम ने एक नहीं सुनी। ''नियम सबके लिए बराबर हैं'' कहकर पुलिस ने मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक इंचार्ज विक्रम पाठक का कहना है कि यह सघन चेकिंग अभियान 10 मई तक नॉन-स्टॉप चलेगा।

## बाल विवाह पर सख्ती,मैहर में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**मैहर।** मैहर जिले में प्रशासन ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सगी नाबालिग बहनों का बाल विवाह रुकवा दिया। सूचना मिलने पर एसडीएम के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस टीम रात करीब 1 बजे मौके पर पहुंची। उस समय विवाह की तैयारियां चल रही थीं,जिसे तुरंत रुकवाया गया। अधिकारियों ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध कानून की जानकारी दी। समझाइश के बाद माता-पिता ने विवाह रोकने पर सहमति जताई और लिखित आश्वासन दिया कि बालिग होने से पहले शादी नहीं करेंगे।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल,रीवा रेफर

**सतना।** कोटर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नउआ की अहरी वेयरहाउस के पास रविवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में मिला। पुणे से एक गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर वापस लौट रही कोटर थाने की पुलिस टीम प्रभारी दिलीप मिश्रा के नेतृत्व में घायल को देखा। पुलिस ने बिना समय गंवाए अपनी गाड़ी रोककर घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया। युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं और वह कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है,जिस कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे संजय गांधी मेडिकल कॉलेज,रीवा के लिए रेफर कर दिया है।

## लायंस क्लब के पर्यावरण संरक्षण सप्ताह का समापन

**सतना।** लायंस इंटरनेशनल द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाये जा रहे पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को लायंस क्लब सतना और लायंस क्लब सतना विंध्य द्वारा संयुक्त रूप से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।



भरहुत नगर सतना में स्थित गणेश पार्क में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लायंस क्लबों के मल्टीपल कौंसिल ट्रेजरार लायन सुधीर जैन रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की तथा लोगों को इस बात की जागरूकता प्रदान की कि प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग न करें और जल का सीमित उपयोग करें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सत्येंद्र शर्मा ने सभी उपस्थित जनों को योग के माध्यम से नियमित संतुलित जीवन और स्वस्थ रहने की टिप्स बताईं। पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के संयोजक लायन डॉ.प्रो.शिवेश प्रताप सिंह ने ई-वेस्ट रीसाइकिलिंग और ओजोन लेयर की रक्षा के लिए अनेक सुझाव दिए। समापन कार्यक्रम संयोजक योगाचार्य लायन रामचंद्र गुप्ता एवं श्रीमती सावित्री गुप्ता ने योग एवं ध्यान की अनेक क्रियाएं कराईं।समापन समारोह में कपड़े की थैलियां एवं पौधा वितरण,पत्रिका विमोचन,वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गए। आभार प्रदर्शन लायंस क्लब सतना के अध्यक्ष लायन अरविंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर लायन विनोद गिलानी,लायन हेमंत डेनियल, लायन आर.एन.त्रिपाठी,विंध्य अध्यक्ष लायन आर.बी.नामदेव,विंध्य सचिव लायन राजेश अग्रवाल,लायन निलेश पाठक,लायन रश्मि जैन,लायन रचना अवस्थी के साथ ही बड़ी संख्या में सामान्य जन उपस्थित हुए और योग,ध्यान और पर्यावरण संरक्षण के निर्देशों का अनुसरण किया।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किया मैहर में अस्पताल के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण



**मैहर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य अशोक वर्णवाल ने रविवार को मैहर जिले के भ्रमण के दौरान मैहर में बनने वाले 300 बिस्तरीय अस्पताल के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण के लिए चयनित स्थान की उपयुक्तता का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल मैहर का भी निरीक्षण किया।एसीएस श्री वर्णवाल ने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए सफाई कार्य की ठेका एजेंसी को बदलने के निर्देश दिए।इस अवसर पर कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी,संयुक्त संचालक स्वास्थ्य श्रीमती अवधिया,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला,एसडीएम दिव्या पटेल,सिविल सर्जन डॉ.आरएन पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

## भगवान के ध्यान से आती है जीवन में दिव्यता

### भरहुत नगर, शिव कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा

**सतना।** भरहुत नगर स्थित शिव कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर पूज्य दंडी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि यदि मनुष्य भगवान का सच्चे मन से ध्यान करे,तो उसके जीवन में दिव्यता का संचार हो जाता है। महाराज श्री ने कहा कि 88हजार महात्माओं की सभा में सूत जी ने कहा था कि मनुष्य जीवन की सार्थकता धर्मनिष्ठा में ही निहित है,क्योंकि इस चराचर जगत में मनुष्य के अतिरिक्त कोई भी प्राणी धर्म का पालन नहीं कर सकता। स्वामी जी ने आगे कहा कि मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो संस्कारों के माध्यम से श्रेष्ठ बनता है और विपरीत परिस्थितियों में भी प्रसन्न रह सकता है। ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने भगवान के 24अवतारों का संक्षेप में वर्णन किया और कहा कि भगवान के अवतार का प्रयोजन संसार में धर्म की स्थापना है। कथा में स्वामी डाक्टर गुणप्रकाश चैतन्य जी महाराज एवं संत कुंज आश्रम श्री साकेत बिहारी जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया।यह कथा सामाज सेवी और कांग्रेसी नेता यशवंत तिवारी के निवास पर आयोजित की





जा रही है,जहां कथा के यजमान विष्णु प्रताप सिंह तिवारी सुधा तिवारी रामपुर विधायक विक्रम सिंह विक्की भईया,पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

## रेल हादसे में अधेड़ की मौत, शिनाख्त की अपील



**सतना।** धारकुंडी क्रॉसिंग के पास एक दर्दनाक रेल हादसे में लगभग 50 से 60 वर्ष की आयु के एक अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। जीआरपी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति या तो ट्रेन से गिरकर हादसे का शिकार हुआ है या फिर यार्ड की तरफ से क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। जीआरपी ने शव को मर्चुरी में रखवाया है। जीआरपी प्रभारी राजेश राज ने आम जनता से सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी के पास इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो,तो कृपया जीआरपी को सूचित करें ताकि शव का अंतिम संस्कार उनके परिजनों द्वारा किया जा सके।

## नगर में बिना लाइसेंस के चल रहा अवैध करोबार, नगर पालिका निष्क्रिय

### आरओ वाटर के नाम पर लोगों की सेहत से किया जा रहा है खिलवाड़

**मैहर।** जिला मुख्यालय सहित नगरीय क्षेत्रों में इन दिनों आरओ (आरओ) पानी के नाम पर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। गर्मी के दिनों पानी की कमी के कारण लोग आरओ का पानी पीने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है लेकिन घरों और दुकानों एवं शादी पार्टियों तक पहुंचने वाले पानी की शुद्धता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। लोग जिस पानी को शुद्ध समझकर खरीद रहे हैं,वह वास्तव में कितना सुरक्षित है जिसकी कोई ठोस जांच नहीं हो रही। शहर और कस्बों में पानी के कैनों का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। हर महीने लाखों रुपये का पानी बिक रहा है,लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन प्लांट्स की जांच के लिए न तो नगरपालिका सक्रिय है और न ही स्वास्थ्य विभाग। नतीजा-



लोगों को शुद्ध पानी के नाम पर धोखा मिल रहा है। सूत्रों के मुताबिक,कई सप्लायर आरओ पानी की बजाय सीधे जमीन से निकाला गया पानी ठंडा कर उसमें थोड़ा बहुत फिल्टर पानी मिलाकर सप्लाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं,कई जगहों पर बासी और बदबूदार पानी भी लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उपभोक्ता सिर्फ "आर ओ" नाम देखकर भरोसा कर रहे हैं,जबकि हकीकत कुछ और ही है।जानकारों की मानें तो असली आर ओ पानी में कड़वाहट पूरी तरह खत्म हो जाती है और स्वाद हल्का मीठा हो जाता है,साथ ही उसमें किसी प्रकार की गंध नहीं रहती। जबकि सामान्य फिल्टर पानी केवल साफ दिखता है,लेकिन उसमें घुलित तत्व बने रहते हैं। इसके बावजूद अधिकतर कारोबारी लागत बचाने के लिए सस्ते फिल्टर सिस्टम या सीधे बोरवेल के पानी का उपयोग कर रहे हैं। बताया जाता है कि एक आरओ प्लांट लगाने में लगभग 3 लाख रुपये का खर्च आता है और इसकी क्षमता करीब तीन साल तक ही प्रभावी रहती है। इसके बाद मेंटेनेंस और पार्ट्स बदलने का खर्च बढ़ जाता है। इसी कारण कई व्यापारी इस निवेश से बचते हुए सस्ते विकल्पों से काम चला रहे हैं और लोगों की सेहत से समझौता कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि वह केवल पैक्ड पानी की जांच करता है,जबकि खुला पानी जांचना उसका काम नहीं। वहीं नगर पालिका के अधिकारी संसाधनों की कमी का हवाला देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर आम जनता की सेहत की जिम्मेदारी कौन लेगा? जब तक प्रशासन सख्ती नहीं दिखाएगा,तब तक आरओ वाटर के नाम पर यह खेल यूं ही चलता रहेगा और लोग अनजाने में बीमारियों को दावत देते रहेंगे।

## सीएचसी रामनगर को मिला पॉजिटिव फीडबैक



**मैहर।** मैहर जिले के रामनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने यहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और स्टाफ के कार्य को सकारात्मक ऊर्जा बताते हुए संतोष व्यक्त किया। अपर मुख्य सचिव ने विजिटर रजिस्टर में टिप्पणी करते हुए कहा कि अस्पताल में जो सकारात्मक माहौल देखने को मिला है,उसे निरंतर बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इसके उपरांत उन्होंने देवराजनगर के सिविल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी, एसडीएम एसपी मिश्रा, बीएमओ डॉ.आलोक अवधिया,तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार ललित धार्वे,रोशनलाल रावत, रामनगर अस्पताल प्रभारी डॉ.शिव प्रताप सिंह, डॉ.वंदना पटेल, डॉ.शिवानी सोनी, डॉ.प्रीतम सिंह, डॉ.महेंद्र मीणा सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहे।

## दक्षिण पन्ना की मोहंद्रा रेंज में अतिक्रमण के विरुद्ध

### प्रशिक्षु आईएफएस पंकज चौधरी के नेतृत्व में बड़ी कारवाही



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के मोहंद्रा वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के सुरक्षित आवास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अम्हा बीट में एक प्रभावी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में लगभग 1.5 हेक्टेयर वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद मौके पर कार्रवाई की गई। भूमि को कब्जामुक्त कराने के साथ ही भविष्य में अतिक्रमण की पुनरावृत्ति रोकने के लिए वन सीमा पर गहरी खाई (ट्रेंच) खोदने का कार्य भी किया गया है। अतिक्रमणकारी द्वारा कब्जे के संबंध में कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत करने में असफल रहने के उपरांत, संबंधित के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिक वन अपराध रिपोर्ट दर्ज किया गया है। यह संपूर्ण अभियान प्रशिक्षु आईएफएस एवं प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी पंकज चौधरी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। टीम में उप-परिक्षेत्राधिकारी नृपाल सिंह, देवी प्रसाद, प्रकाश गुप्ता एवं भानु प्रताप सहित वन रक्षक अरविंद विश्वकर्मा, गोविंद प्रजापति, अजय प्रताप, जगदीश अहिरवार, संगीता अहिरवार, रश्मी अहिरवार, अभिनव पांडे, राम कृपाल, हरिशंकर अहिरवार, राजू अहिरवार, अजय सिंह, जयप्रकाश नारायण दुबे, प्रकाश प्रजापति, गौरव दीक्षित, राकेश यादव, राजबहादुर सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम की तत्परता और समन्वित प्रयास से यह कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

## मडला घाटी बनी जानलेवा जिम्मेदार, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी गहरी निद्रा में - पटेरिया

**पन्ना**

पन्ना-छतरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मडला घाटी इन दिनों बदहाली के आंसू रो रही है। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार यह घाटी न केवल यात्रियों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है, बल्कि गंभीर हादसों को भी आमंत्रण दे रही है। इस संबंध में अधिवक्ता सौरभ पटेरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन तथा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का ध्यान

इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, मडला घाटी की हालत अत्यंत जर्जर है। घाटी की सुरक्षा दीवारें चारों तरफ से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे कई बार बड़े वाहन खाई में गिर चुके हैं। सड़क के किनारे शसाइड शोल्डरश न भरे होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं। स्थिति यह है कि यहाँ से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है।

अस्पताल और रेलवे स्टेशन पहुंचने में बाधा मडला घाटी में प्रतिदिन लगने वाले लंबे जाम के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। अधिवक्ता पटेरिया ने बताया कि खजुराहो रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों की ट्रेनें अक्सर जाम के कारण छूट जाती हैं। वही झांसी, छतरपुर और ग्वालियर इलाज के लिए जाने वाले मरीजों और एंबुलेंस को घंटों जाम में फंसना पड़ता है, जो जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय निवासियों और अधिवक्ता सौरभ पटेरिया ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मडला घाटी की सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए और सुरक्षा दीवारों का पुनर्निर्माण कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए। उन्होंने स्थानीय सांसद तथा विधायकों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि बड़ी-बड़ी बातें करते हैं एलिवेटेड सड़क मार्ग का सपना दिखा रहे हैंलेकिन बरसों से एक प्रमुख मार्ग की 3 किलोमीटर सड़क नहीं बनवा पा रहे हैं जो पन्ना जिला मुख्यालय से छतरपुर भोपाल दिल्ली ग्वालियर जाने वाला मुख्य मार्ग है इससे और बड़ी बात क्या हो सकती है।।

# ग्राम फरस्वाहा में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का घर-घर टीका: चंदन, नारियल भेंट आरती के साथ किया गया भव्य स्वागत बंदन

**सिद्धनाथ को साक्षी मानकर संकल्प के साथ ग्रामीणों ने ठाना है 21 सदस्यों ने सदस्यता लेकर पोलिंग की जिताने को लेकर दिखाई तत्परता**

पन्ना। पन्ना जिले अंतर्गत अजयगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत फरस्वाहा के फरस्वाहा में अपने लोकप्रिय पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का आज बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत बंदन अभिनंदन घर-घर भव्य आरती टीका चंदन नारियल भेंट संकल्प के साथ भाजपा मय दिखा गांव। भगवान सिद्धनाथ जो इस ग्राम की आस्था का केन्द्र है। वहीं दर्शन लाभ लेते हुए इस कार्यक्रम की शुरूआत जहां सिद्धनाथ के आशीर्वाद से हुई आरंभ। फरस्वाहा ग्राम में पहली बार इस तरह से किसी जनप्रतिनिधि का सम्मान किया गया है। जहां आरती उतारकर अपने लोकप्रिय विधायक पूर्व मंत्री पन्ना से विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी का जो सम्मान किया गया वह देखने लायक था। गौरतलब बात यह है कि यह गांव ब्राम्हण बाहुल्य आबादी को लेकर जाना जाता है। पर इस कार्यक्रम में ग्राम के सभी वर्गों में केवट, पाल, अहिरवार, सेन, धोबी, सुनार, बसोर, हर जाति के लोगों ने शामिल होकर अपने



विधायक पर भरोसा जताया है। गांव के विकास को लेकर यह कार्यक्रम भावी भविष्य के निर्माण को लेकर आधार माना जा रहा है। भीषण गर्मी के दौरान जहां लगभग दो बजे दोपहर में आम जनता का उत्साह गर्मी के पारे पर भारी पड़ रहा था। वहीं यह उत्साह देखकर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक ने मंच से ही ब्राम्हणों के सम्मान एवं आर्शीवाद को लेकर जहां तो आभार तो माना ही वहीं विकास को लेकर भी दृढ़ इच्छा शक्ति से गांव की मांगों को ध्यान में रखकर जहां सिद्ध बाबा में



ट्रांसफार्मर गांव के शमशान मार्ग के निर्माण को लेकर वहीं मुख्य मार्ग पीडब्ल्यूडी सड़क से पटाही मजरा होते हुए गांव मुख्यालय तक सड़क निर्माण को लेकर ये तीनों कार्यों को करने को लेकर अपनी मंशा व्यक्त की। आप लोगों का आर्शीवाद जो जनता से प्यार मिलता है वहीं हमारी विकास की ताकत को बढ़ाता है। निश्चितौर पर बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिनका इतिहास विकास कार्यो को लेकर स्वयं जाना जाता है। आज दिल खोलकर ग्राम फरस्वाहा में आम जनता की मांगो को ध्यान में रखते हुए आगे कार्यों को किये जाने को लेकर मंच से इच्छा व्यक्त की। वहीं अपने लोकप्रिय विधायक को तीसरी बार चुने जाने को लेकर इस पोलिंग से संकल्प के साथ सिद्धबाबा को साक्षी मानकर ग्रामीणों ने भी पोलिंग बूथ जिताने के लिए संकल्प लिया। साथ ही 21 सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्राहण की। इस तरह से भव्य कार्यक्रम ग्राम फरस्वाहा में अपने जनप्रतिनिधि का दिल से स्वागत किया गया। गुलाब की पंखुड़ियों की बौछारों वहीं बैंडबाजे की धुन के साथ कलश लेकर महिलाओं एवं कन्याओं ने भी अपने जनप्रतिनिधि का स्वागत किया है। इस तरह से आज का दिन पन्ना जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत फरस्वाहा के ग्राम फरस्वाहा में जो पंचायत का मुख्यालय है एक भव्य कार्यक्रम समूचे ग्राम में अपने लोकप्रिय विधायक का घर-घर टीका, चंदन आरती, फूल-मलाओं व नारियल भेंट करते हुए जो स्वागत किया गया है यह इस ग्राम के लिए भी इतिहास बना। गौरतलब है कि पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह अपने व्यस्तम कार्यक्रम में से कुछ समय निकालकर फरस्वाहा ग्रामवासियों के बीच अपने आप को साझा किया जबकि कल होने वाले विधानसभा विशेष सत्र में पहुंचना अनिवार्य है। फिर भी उन्होंने अपना समय निकालकर फरस्वाहा ग्रामवासियों के बीच तीन घंटे का समय व्यतीत किया।

## खबर संक्षेप

### मड़ला थाना में अवैध रेत के ट्रकों से होती है सरेआम वसूली



थाना के सामने रेत माफिया के बीच हुई मारपीट

पन्ना। जिले का मड़ला थाना अवैध वसूली का अड्डा बन गया है जहां एक ओर प्रतिदिन निकलने वाले दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों से चेकिंग के नाम पर वसूली हो रही है वहीं दूसरी ओर अवैध रेत से भरे ट्रक भी रोज निकलते हैं उक्त ट्रकों से भी थाना पुलिस द्वारा वसूली की जाती है तथा अवैध रेत के चलते रेत माफियाओं के बीच विवाद भी होता है बीती रात्रि छतरपुर जिला से रेत से भरा एक ट्रक निकला जिसे देखकर पन्ना जिले के रेत ठेकेदार के लोगों तथा छतरपुर जिले के रेत माफिया के बीच मड़ला थाना के सामने जमकर विवाद हुआ लेकिन मड़ला थाना पुलिस सामने नहीं आई क्योंकि उनकी पोल खोल सकती थी इसलिए घंटों विवाद चलता रहा आए दिन हो रहे इस प्रकार के विवादों से मड़ला थाना पुलिस के कारण पूरे जिले की पुलिस बदनाम हो रही है इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल पुलिस अधीक्षक को कार्यवाही करना चाहिए तथा वर्षों से जमे मड़ला थाना के स्टाफ को बदलकर नए लोगों को पदस्थ करना चाहिए। इसके पूर्व सेवानिवृत डीएसपी का मामला अभी शांत नहीं हुआ और यह दूसरा मामला सामने आ गया है।

### भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर नंदगांव बना पन्ना का निरपत सागर कॉलोनी, झूम उठे श्रद्धालु



पन्ना। नगर के स्थानीय गहरा स्थित निरपत सागर कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास रंजेरपुरा निवासी श्री कमल महाराज जी ने जब भगवान के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से श्री कमल महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के आध्यात्मिक और व्यावहारिक पक्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। महाराज जी ने कंस के अत्याचारों, देवकी-वसुदेव के विवाह और कारागार में भगवान के अवतरण की कथा का अत्यंत मार्मिक और सजीव वर्णन किया। जैसे ही बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण की झांकी पंडाल में आई, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। संगीतमय प्रस्तुतियों पर मुख्य यजमान निरंजन लखेरा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अभिलाषा लखेरा सहित उपस्थित सभी श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कथा के बीच-बीच में कृष्ण भक्ति से सराबोर भजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान निरंजन लखेरा एवं श्रीमती अभिलाषा लखेरा ने विधि-विधान से पोथी पूजन कर व्यासपीठ की आरती उतारी। उन्होंने पन्ना नगर एवं क्षेत्रवासियों से धर्म लाभ लेने की अपील की है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान के जन्मोत्सव के बाद वितरित किए गए माखन-मिश्री के प्रसाद का आनंद लिया।

### भीषण गर्मी में जिला अस्पताल की लापरवाही उजागर, 40 बेड पर 71 बच्चे भर्ती

छतरपुर। भीषण गर्मी के बीच जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई हैं। बच्चा वार्ड में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं, जहां 40 बेड की क्षमता के बावजूद 71 बच्चों को भर्ती किया गया है। अधिक संख्या में मरीज होने के कारण न केवल जगह की कमी है, बल्कि गर्मी से जूझ रहे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है।

# देवगांव-सलैया सड़क 785.89 लाख की लगत से बनेगी 6 किमी. की रोड विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने किया भूमिपूजन

पन्ना। लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग पन्ना के अंतर्गत देवगांव से सलैया व्हाया बरियारपुर कुर्मियान, रानीपुर मार्ग (लगभग 6 किमी) के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का रविवार को भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 785.89 लाख की लागत से तैयार होने जा रही इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का शुभारंभ पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना, नारियल फोड़कर और भूमि पूजन कर किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने इसे एक जनआस्था और विकास के उत्सव का रूप दे दिया। पूरे आयोजन के दौरान विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह केंद्र में रहे और लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भूमिपूजन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की नई धुरी बनेगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव को जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है और अब विकास योजनाएं कागजों से निकलकर धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, अनेक निर्माणाधीन हैं और कई



अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं।विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने विस्तार से बताते हुए कहा कि अजयगढ़ हथौड़ा से चंदला मार्ग के ग्राम बीरा में छूटा 3.5 किमी हिस्सा अब निर्माणाधीन है। नहर पट्टी से लौलास तक सड़क, सीलोना से सुनहरा (व्हाया लांयचा) मार्ग, गुमानगंज से चंदला मार्ग, छानियापुरवा से रहुनी मार्ग और गुमानगंज से मोहारी मार्ग जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि पन्ना-अजयगढ़ मुख्य मार्ग से गहलोदपुरवा तक संपर्क मार्ग, नरैनी-अजयगढ़ मार्ग से बहादुरगंज, मझगाँय से भानपुर तथा पैरहा से सिलोना व्हाया जैतुपुर तक सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूती दे रहे हैं। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने यह भी कहा कि अजयगढ़ किला पहुंच मार्ग में रिटेनिंग वॉल एवं नाली निर्माण, नहरा नहरी, बिलहरी घाट एवं केन नदी पर बरियारपुर के पास पुल निर्माण जैसे कार्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीण विकास के तहत पंचायत भवनों और सामुदायिक भवनों के निर्माण का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सीलोना, बरियारपुर कुर्मियान, कुवरपुर और आरामगंज में पंचायत भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं आरामगंज, बरबसपुरा, सलैया और फरस्वाहा में सामुदायिक भवनों का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रतिभाशाली बच्चों का जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ नम्बर प्राप्त किया उनका सम्मान किया गया तथा क्षेत्र के बुजुर्गों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, बीरा अशोक गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन जनआभार के साथ हुआ, वहीं विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने एक बार फिर दोहराया कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

# पवई के संजय नगायच बने वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के प्रदेश अध्यक्ष

पवई। बीते दिवस मध्य प्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एक्ट 1962 की धारा 20(1) व (2) तथा मध्य प्रदेश बेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन नियम 1971 के नियम(4) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए पन्ना जिले के पवई नगर के कद्दावर,स्पष्ट वादी नेता संजय नगायच को मध्य प्रदेश बेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के संचालक मंडल में संचालक अर्थात अध्यक्ष के पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनका यह कार्यकाल तीन वर्ष तक के लिए रहेगा । वह छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,युवा मोर्चा और संघ के कई महत्वपूर्ण पद सहित लगभग साढ़े तीन दशक से राजनीति में सक्रिय हैं। बता दे की मध्य प्रदेश में लंबे समय से निगम मंडलों और बोर्डो की नियुक्ति लंबित पड़ी हुई थी,जिसको लेकर आखिरकार सरकार ने अंतिम फैसला लेते हुए शनिवार 25 अप्रैल देर शाम को राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निगमों और बोर्ड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों पर नई नियुक्तियां की घोषणा की है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा आदेश जारी होते ही संजय नगायच के गृह ग्राम पवई नगर में उनके परिजनों के द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई पटाखे फोड़े गए साथ ही एक दूसरे



को मिठाई खिलाई गई इसके साथ ही लगातार उन्हें लोगों के द्वारा बधाइयां भी प्रेषित की जा रही हैं। इन निगम मंडल और बोर्डों में राज्य वन विकास निगम,मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन मध्य प्रदेश, स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड मध्य प्रदेश,महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की है।



# कांग्रेस सेवादल पन्ना द्वारा अमानगंज में निकाली गई तिरंगा यात्रा

पन्ना। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष मा. श्री लाल जी देसाई एवं प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष मा. अवनीश भार्गव जी के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अमानगंज के नेतृत्व में नगर अमानगंज में प्रभात फैरी व तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत नगर के गांधी चौक से पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रघुपति राघव राजा राम भजन गाया गया एवं जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्री रामबहादुर द्विवेदी जी द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष श्री अनीश खान जी द्वारा यात्रा की शुरुआत हाथों में तिरंगा लेकर की गई,यात्रा नगर के मुख्यमार्ग से होती हुई अमर शहीद भगत सिंह तिराहा पहुंची जहां शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहन कार्यक्रम राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गायन के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के आयोजक ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अमानगंज के अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल ताम्रकार रहें!! कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अनीश खान, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्री रामबहादुर द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री सौरभ दुबे,ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कन्हैया लाल ताम्रकार, भभूत सिंह राजपूत, अरुण सक्सेना,नगर अध्यक्ष वसीम खान, लल्ला बाई,राधा चौधरी, सतीश दुबे, दिनेश पांडेय, पुरसोत्तम पीड़िहा,धर्मराज कश्यप, शायमू गुप्ता, रामकरण पांडेय,प्रकाश अहिरवार,धूराम चौधरी,पीयूष देव परमार, वीरेंद्र खटीक,धनीराम राजपूत,महाकौशल चौधरी आदि कार्यकर्ता जन उपस्थित रहें!!

# बस स्टैंड पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम, लगभग 3 घंटे बाद खुला रास्ता

नौगांव। जिले के मऊ सहानिया बस स्टैंड पर रविवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप था कि उनके लड़के को दो युवक घर से बाइक पर अपने साथ ले गए थे और बाद में उसे बस के नीचे फेंक दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों को मौके पर बुलाने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।



करीब तीन घंटे तक चले इस जाम के दौरान यातायात पूरी तरह बाधित रहा और बस स्टैंड पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार रमेश कोल और एसडीओपी अमित मेश्राम भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया और जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी समझाइश और आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और करीब तीन घंटे बाद जाम समाप्त किया गया, जिससे यातायात फिर से सुचारू हो सका।

## कुछ पल का नशा, सारी उम्र की सजा ब्रह्माकुमारी

# कुछ पल का मजा, सारी उम्र की सजा ब्रह्माकुमारी



पन्ना। पिछले करीब 6 दिनों से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से छत्रसाल पार्क में आध्यात्मिक चरित्र निर्माण व नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को किया जा रहा है जागरूक बहन जी ने सभी को चित्रों के माध्यम से समझाते हुए कहा कि हम अपने इतने अनमोल जीवन को नशे में बर्बाद ना करें सभी को नशे से नुकसान एवं छोड़ने की विधि बताई कुछ समय रोज ध्यान मेडिटेशन का अभ्यास अवश्य करें जिससे हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है और हर प्रकार के नशे से बुराइयों से हम मुक्त हो जाते हैं। आपने आगे कहा की अगर हम हर रोज 200 रुपये नशे में नष्ट करते हैं तो एक महीने में 6000 रुपये खर्च हो जाते हैं जो हमारे तन एवं परिवार सहित सभी समस्याओं का कारण बन जाता है। नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं परिवार समाज एवं पूरे विश्व को क्षति पहुंचाता है इसलिए आज सभी नशे को छोड़ने की प्रतिज्ञा लें सभी ने संकल्प पत्र भरकर नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा की ब्रह्माकुमारी विद्यालय से जुड़े हुए भाई बहन लोगों को नशे से दूर रहने के लिए कर रहे हैं जागरूक, अतः सभी से निवेदन है अपना अमूल्य समय निकालकर नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी देखकर अपने नशे को दूर करने का करें संकल्प।

# नौगांव के मातौल में खूनी संघर्ष: भूसे पर बाइक चढ़ाने के विवाद में महिला को मारी गोली, हालत नाजुक

छतरपुर। जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मातौल में रविवार की सुबह एक मामूली विवाद ने उस समय खौफनाक रूप ले लिया जब दबंगों ने एक महिला पर सरेआम फायरिंग कर दी। घर के बाहर रखे भूसे पर मोटरसाइकिल चढ़ाने के विरोध में शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने अवैध हथियारों से गोली चला दी, जिससे 42 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 10 बजे सुमन तिवारी पति यशपाल तिवारी अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही रमाकांत तिवारी, उमाकांत और पप्पू तिवारी ने जानबूझकर घर के बाहर रखे भूसे के ढेर पर अपनी मोटरसाइकिल चढ़ा दी। जब सुमन तिवारी और उनके परिवार ने इस हरकत का विरोध किया, तो आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की



और फिर देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी रमाकांत तिवारी ने अवैध हथियार निकालकर सुमन पर निशाना साधते हुए गोली चला दी, जो सीधे उनके पेट में जा लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस दौरान दहशत फैलाने के उद्देश्य से दो से तीन राउंड हवाई फायरिंग भी की गई।

खून से लथपथ सुमन तिवारी को तत्काल परिजनों द्वारा नौगांव स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर अभय सिंह ने महिला की जांच कर उन्हें सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया है। डॉक्टरों का कहना है कि महिला के पेट में गंभीर घाव है और तत्काल ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिसके बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है, हालांकि आरोपी फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं।

**नौगांव में पार्षद पति समेत तीन पर गंभीर आरोप, एसपी से शिकायत**

# फर्जी दस्तावेज बनाकर संपत्ति हड़पने का खेल

छतरपुर। जिले के नौगांव में करोड़ों रुपये की पैतृक संपत्ति को लेकर धोखाधड़ी और कूटरचना का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय स्तर पर हड़कंप मचा दिया है। नगर पालिका नौगांव के वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद भारती साहू, उनके पति भारत साहू और एक अन्य व्यक्ति लखनलाल साहू पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे की संपत्ति पर कब्जा करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस पूरे मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर को लिखित शिकायत सौंपकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

नौगांव के टीबी अस्पताल के पास रहने वाले आवेदक विनोद साहू, जो स्वर्गीय गणेशीलाल साहू के पुत्र हैं, ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता ने वर्ष 1971 में वार्ड नंबर 06 स्थित बंगला नंबर 02 में भूमि खरीदी थी। इस भूमि का विधिवत डायवर्सन और बंटवारा वर्ष 1999 में नगर पालिका के रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपीगण का उनके परिवार से कोई संबंध नहीं है, इसके बावजूद उन्होंने साजिश के तहत उनकी संपत्ति को हड़पने की योजना बनाई।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने असली संपत्ति स्वामी 'छेदीलाल गुप्ता' के नाम में हेरफेर करते हुए फर्जी तरीके से 'छेदीलाल साहू' का नाम दर्ज कराया और कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। इसके आधार



पर वर्ष 2017 में नगर पालिका परिषद नौगांव में खसरा नंबर 507/13 का नामांतरण अपने पक्ष में करा लिया गया। पीड़ित का कहना है कि यह कार्य नगर पालिका प्रशासन पर दबाव बनाकर कराया गया। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब 15 जनवरी 2026 को आरोपियों द्वारा कथित रूप से पीड़ित के मकान के ग्राउंड फ्लोर पर जबरन कब्जा कर लिया गया और वहां तोडफ़ोड़ करते हुए अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। विनोद साहू ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है और उन्होंने सुनियोजित तरीके से फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ जालसाजी, कूटरचना और अवैध कब्जे से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## डिवाइडरों की हरियाली बनी दिखावा, देखरेख के अभाव में पौधे सूखकर हुए गायब

छतरपुर। शहर को सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा लाखों की लागत से चलाया गया पौधारोपण अभियान अब महज औपचारिकता बनकर रह गया है। नगर के प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों और फुटपाथों पर लगाए गए पौधे उचित देखरेख और नियमित सिंचाई न होने के कारण दम तोड़ चुके हैं। नगर पालिका प्रशासन की इस बड़ी लापरवाही ने न केवल सुंदर शहर के सपने को झटका दिया है, बल्कि जनता के पैसे की बर्बादी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्तमान में शहर के मुख्य डिवाइडरों की हालत यह है कि वहां हरियाली के नाम पर केवल सूखी टहनियां और खाली लोहे के ट्री-गार्ड नजर आ रहे हैं।विगत समय में जब नगर पालिका ने इन डिवाइडरों पर पौधारोपण किया था, तब शहरवासियों को उम्मीद थी कि इससे सड़कों की सुंदरता बढ़ेगी और पर्यावरण को लाभ होगा। किंतु जमीनी हकीकत इसके उलट है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका ने पौधे लगाने के बाद उनकी सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। भीषण गर्मी के इस दौर में पौधों को पानी देने के लिए कोई स्थायी तंत्र विकसित नहीं किया गया और न ही उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। देखरेख के अभाव में कई स्थानों पर तो पौधे पूरी तरह से नष्ट होकर गायब हो चुके हैं, जिसके कारण अब केवल धूल और जर्जर डिवाइडर ही सड़कों की पहचान बन गए हैं।

सड़कों के किनारे और बीच में स्थित इन डिवाइडरों पर सूखे हुए पौधों ने शहर के सौंदर्य को बिगाड़ कर रख दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा केवल वाहवाही लूटने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार कर पौधारोपण किया गया था, लेकिन संरक्षण की कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई गई। नियमित पानी की व्यवस्था न होने से अधिकांश पौधे कुछ ही महीनों में ही सूख गए। अब यह स्थिति नगर पालिका की कार्यप्रणाली और योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही है।

# हनुमान टौरिया में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न

छतरपुर। मिशन रोशनी के तहत मानव सेवा के उद्देश्य से नगर के प्राचीन हनुमान टौरिया मंदिर परिसर में स्व. अशोक असाटी की स्मृति में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन राधेलाल असाटी एवं शिवांक असाटी के विशेष सहयोग से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंद और गरीब मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा हनुमान



जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। चित्रकूट से आए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉ. अरविंद मिश्रा द्वारा करीब 200 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मे भी वितरित किए गए। शिविर में चिन्हित किए गए 40 मोतियाबिंद मरीजों को आगे के उपचार हेतु चित्रकूट भेजा गया, जहां उनकी सर्जरी कर उन्हें नई रोशनी प्रदान की जाएगी।आयोजकों ने बताया कि यह शिविर पिछले 16 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और अब तक 1 लाख से अधिक मरीजों को लाभ पहुंचाया जा चुका है, जबकि 25 हजार से अधिक मरीजों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया है। इस अवसर पर समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

